आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर

क्रमांक :एफ 7(   )अकाद/आकाशि/19/366-68

दिनांकः 06.08.2019

समस्त प्राचार्य,
राजकीय महाविद्यालय,
राजस्थान, जयपुर।

विषय— भारत छोड़ों आंदोलन की वर्षगांठ दिनांक 08 व 09 अगस्त 2019 को विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करने के क्रम में।

संदर्भ— शासन सचिव, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, जयपुर का पत्रांकः पीएस/शास/उएवंतशि /2019/ 137 दिनांक 05.08.2019

महोदय,

भारत छोड़ों आंदोलन की वर्षगांठ दिनांक 08 व 09 अगस्त 2019 को विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करने के क्रम में आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर द्वारा जारी **"आकाशि कैलेण्डर अगस्त 2019"** में उल्लेखित किया गया है। कृपया आप महाविद्यालय स्तर पर उक्त आंदोलन एवं भारत की स्वतंत्रता संग्राम के संबंध में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किये जावें तथा इन कार्यक्रमों का स्थानीय स्तर पर न्यूज, समाचार—पत्र इत्यादि में व्यापक प्रचार—प्रसार भी किया जावें।

इन कार्यक्रमों में वाद—विवाद, निबन्ध, क्विज् प्रतियोगिताओं एवं विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन किया जावें ताकि विद्यार्थियों में राष्ट्रीय आंदोलन के प्रति सम्मान की भावना जागृत हों। निबन्ध एवं वाद—विवाद प्रतियोगिताओं के लिए विषयों का चयन भारत के स्वतंत्रता संग्राम एवं भारत छोड़ों आंदोलन से संबंधित हो। इन प्रतियोगिताओं के आयोजन में मुख्य अतिथि/आमंत्रित सदस्य के रूप में स्वतंत्रता सैनानी/भूतपूर्व सैनिक/प्रशासनिक अधिकारी/गणमाण्य व्यक्तियों को बुलाया जावें।

इन प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को संस्थान स्तर पर 15 अगस्त को आयोजित होने वाले स्वाधीनता दिवस समारोह में महाविद्यालय स्तर पर सम्मानित भी किया जाए।

इन कार्यक्रमों के आयोजन के पश्चात् इनका विस्तृत विवरण ई—मेल आई.डी. jdacad1960@gmail.com पर भिजवाया जाना सुनिश्चित करें।

प्रदीप कुमार ~~बोरड़, IAS~~
आयुक्त, कॉलेज शिक्षा एवं
विशिष्ट शासन सचिव, उच्च शिक्षा,
राजस्थान, जयपुर

क्रमांक :एफ 7(   )अकाद/आकाशि/19/ 366-68

दिनांकः 06.08.2019

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित है—

1. विशिष्ट सहायक, माननीय राज्य मंत्री, उच्च शिक्षा विभाग, जयपुर।
2. शासन सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, जयपुर को उनके पत्रांक शासन सचिव, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, जयपुर का पत्रांक पीएस/शास/ उएवंतशि /2019/ 137 दिनांक 05.08.2019 के क्रम में।
3. शासन उप सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, जयपुर को उनके पत्र दिनांक 05.08.2019 के क्रम में।
4. वेबसाईट प्रभारी, आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर को अपलोड करने बावत।
5. रक्षित पत्रावली।

6/8/19

(डॉ. आर.सी. मीना)
संयुक्त निदेशक (अकादमिक)
कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर

Scanned by CamScanner